





# झूठी एफआईआर करने से भड़का जनाक्रोश

## रविवार की रात पूर्व सरपंच और लेडी डॉक्टर के बीच नोकझोंक के बाद लेडी डॉक्टर ने कराई थी एफआईआर



सीहोर. सर्व समाज के लोगों द्वारा कोतवाली चौराहा से एसपी कार्यालय तक रैली निकालकर एएसपी सुनीता रावत को ज्ञापन सौंपा.

- अस्पताल की लेडी डॉक्टर ने दर्ज कराई थी एफआईआर
- सर्व समाज ने एएसपी को ज्ञापन सौंपकर बताई हकीकत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 सितंबर. जिला अस्पताल की महिला चिकित्सक द्वारा पूर्व सरपंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को बड़ी संख्या में सर्व समाज नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे और पूर्व सरपंच दीपेश राठौर के खिलाफ महिला चिकित्सक द्वारा दर्ज कराई एफआईआर रद्द करने की मांग उठाई.**

गौरतलब है कि जिला अस्पताल लंबे समय से विवादों में बना हुआ है. पूर्व में यहां स्टाफ के बीच भी जमकर विवाद हुए थे और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई थी. वहीं अब महिला चिकित्सक द्वारा पूर्व सरपंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के बाद अब सर्व समाज में भी आक्रोश पनपने लगा है. बुधवार को शहर के कोतवाली चौराहे पर राठौर समाज के पदाधिकारियों सहित सर्व समाजजन एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां एडि. एसपी सुनीता रावत को ज्ञापन देते हुए सर्व समाजजनों ने पूर्व सरपंच दीपेश राठौर के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग उठाई।.इस मौके पर राठौर समाज के अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, डॉ. पूरण सिंह राठौर, राठौर समाज के पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर, जितेंद्र राठौर, विवेक राठौर, हरीश राठौर, ओमप्रकाश राठौर बाबा, पार्षद विवेक राठौर, राजाराम बड़े भाई, राकेश वर्मा, तरुण राठौर सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज शामिल था. इस मामले में पीड़ित महिला के पति गोपाल ने बताया कि वह अन्य परिजनों के साथ अजाक थाने में महिला चिकित्सक के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे थे. उन्होंने आरोप लगाया कि अजाक थाने पर उनकी आवेदन भी नहीं लिया और न ही उनकी शिकायत सुनी. एएसपी ने उनकी शिकायत को गंभीरता से सुनकर जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है.

### रविवार की रात अस्पताल में हुआ था यह मामला

रविवार को गांव पतलोना निवासी गर्भवती महिला अनिता पत्नी गोपाल अहिरवार को परिजन अस्पताल लाए थे. जब गर्भवती महिला को इलाज नहीं मिला तो परिजनों ने इसकी जानकारी बिजौरी के पूर्व सरपंच दीपेश राठौर को दी थी. दीपेश राठौर का कहना है कि जब वह अस्पताल पहुंचे तो देखा कि महिला इलाज के अभाव में तड़प रही थी. ड्यूटी पर मौजूद महिला चिकित्सक डॉ. प्रियंका राजौरिया से मरीज का तत्काल इलाज करने का आग्रह किया. जिसे लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई. पूर्व सरपंच का कहना है कि महिला चिकित्सक द्वारा महिला के परिजनों से अवैध रूप से तीन हजार रुपए की मांग की गई थी। रुपए नहीं देने पर उनके द्वारा प्रसूता को भोपाल ले जाने को कहा गया था. इसके बाद महिला चिकित्सक ने पूर्व सरपंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी.

### सरकार के आदेश निजी अस्पतालों ने किए दरकिनार

**सीहोर.** जिले में निजी अस्पतालों की मनमानी बदस्तूर जारी है, सरकार निजी संचालन के लिए गाइडलाइन तो तय करती है, पर इन आदेशों का पालन और जिनकों आदेशों का पालन कराना है,वह जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, नतीजन इसका खामियाजा मरीजों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ता है.निजी अस्पतालों में मनमानी फीस के चलन को रोकने के लिए मोहन सरकार ने एक साल पहले नियम बनाए थे, कि निजी अस्पताल और नर्सिंग होम्स को जांच और ट्रीटमेंट की रेट लिस्ट कांउटर पर लगानी होगी. जिससे मरीज के साथ ठगी नहीं हो सके, लेकिन जिले में प्राइवेट नर्सिंग होम और अस्पताल संचालक इस नियम का पालन नहीं कर रहे हैं. गौरतलब है कि वर्तमान दौर में सरकारी अस्पतालों में संसाधन तो हैं, पर उनका उपयोग नहीं हो पाता है, ऐसे में बेहतर उपचार के लिए लोग निजी अस्पतालो में जाते हैं, लेकिन निजी अस्पताल नर्सिंग होम में जांच के नाम पर तो कभी इलाज के नाम पर मनमानी राशि वसूल की जा रही है, इसे रोकने के लिए नियम भी बना लेकिन इनका पालन नहीं हो रहा है. निजी अस्पतालों में मरीज की जांच के नाम पर अलग अलग राशि वसूल की जा रही है, मरीज और उनके परिजनों के आरोप है कि सोनाग्राफी सबसे ज्यादा कराई जाती है, पर हर निजी अस्पताल इसकी अलग अलग रेट तय कर रखे हैं, इसी प्रकार उपचार खास तौर पर सर्जरी में निजी अस्पताल संचालक अपनी मर्जी से दाम तय करते हैं. निजी अस्पताल का जाल पूरे जिले में फैलता जा रहा है, जो नियमों की अनदेखी करते हैं, रेट लिस्ट की जांच और निरीक्षण का जिम्मा सीएमएचओ को सौंपा गया है, लेकिन जिले में देखने में यह आ रहा है कि स्वास्थ्य विभाग कभी इन प्राइवेट अस्पताल, सोनोग्राफी सेंटरों का निरीक्षण ही नहीं करते हैं.

हालांकि इस मामले में सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया का कहना है कि निजी अस्पतालों की जांच की जाती है, सूची भी रखी है, जो नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनपर कार्रवाई की जाती है.

## युवक की हत्या कर शव गड्ढे में दफनाया

**सीहोर.** तीन दिन पहले घर से बाईक में पेट्रोल डलवाने का कहकर निकले युवक की लाश बड़झिरी स्थित एक फार्म हाउस के पीछे गड्ढे में दफन मिली. संभवत: युवक की हत्या कर उसकी लाश को गड्डे में दफना दिया था. इस घटना से क्षेत्र में सनसनी का माहौल निर्मित हो गया. रातीबढ़ पुलिस ने जीरो पर कायमी कर डायरी बिलकीसगंज पुलिस को सौंप दी है. जानकारी अनुसार बिलकीसगंज निवासी 30 वर्षीय मो. अफरोज आ. मो. अंसार मछली का कारोबार करता है. गत 14 सितंबर की रात वह अपने घर से बाइक में पेट्रोल डलवाने का कहकर निकला था, लेकिन जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की. इसके बाद 15 सितंबर को थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई. थाना प्रभारी संदीप मीना ने बताया कि अफरोज के परिजन जब उसकी तलाश करने भोपाल जिले के ग्राम बड़झिरी उसकी ससुराल पहुंचे तो वहां उसकी बाइक मिली. ससुराल में उसका दादा ससुर और एक साली ही रहते हैं. पूछताछ में उन्होंने अफरोज के आने पर अनभिज्ञता जाहिर की. परिजनों द्वारा तलाश करने पर एक फार्महाउस के पिछवाड़े दीवार से लगा एक ताजा गड्ढा नजर आया जिसे मिट्टी से समतल किया गया था. उन्होंने शंका होने पर जब गड्डे के ऊपर की मिट्टी हटाई तो गड्डे में अफरोज की लाश पड़ी थी. इसकी सूचना रातीबढ़ पुलिस को दी गई. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए जीरो पर कायमी कर डायरी बिलकीसगंज पुलिस को दी है. संभावना जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को गड्ढे में दफनाया गया है.

## एक नजर में




### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

**बुधनी.** नप में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया. स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. समारोह में एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, नप उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, राजेश पाल, संतोष गौर, धीरेंद्र तिवारी, संतोष सिंह राजपूत, रजनी हरदयाल सिंह आजाद, ज्योति पंजाबी, आरती कृष्ण मालवीय, श्रीकांत शर्मा, विनोद शिवहरे, राहुल रिटोरिया आंगनवाड़ी एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे. नगर परिषद द्वारा जिले में एक नवाचार के रूप में कचरे से तैयार की गई जैविक खाद मां नर्मदा जैविक खाद का पूर्व से विक्रय हो रहे खाद के साथ 05 किलो के पैकेट बना कर विक्रय प्रारंभ किया. सीएमओ संतोष रघुवंशी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता के साथ-साथ सतत जैविक कृषि को प्रोत्साहित करना है.



### शातिर बाइक चोर धराया, चार बाइक बरामद

**रेहटी.** पुलिस ने बाइक चुराने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई 4 बाइक बरामद की हैं. जानकारी के अनुसार थाना 13 सितंबर को भंवर सिंह उइके ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बाइक रात को घर के सामने से चोरी कर ली गई है. पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर भभड़ नदी के पास एक व्यक्ति जितेन्द्र कलमोदिया को बाइक के साथ रोका गया. पूछताछ में आरोपी ने कुल 4 बाइक की चोरी अलग-अलग थाना क्षेत्रों से करना कबूल किया. आरोपी को न्यायालय पेश किया गया. कार्रवाई में महेशसिंह धुर्वे, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जयनारायण, दीपक सेन, जितेन्द्र गौर, लवकेश जाट, विकास नागर, योगेश कटारे एवं प्रशांत की भूमिका रही.



### संतों ने युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**आष्टा.** संत रामभूषण ने प्रेमानंद महाराज से स्नेहपूर्ण भेंट की और युवाओं की ओर से आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि प्रेमानंद महाराज के सत्संग और उपदेशों से अनेक युवाओं ने नशे जैसी विनाशकारी आदतों से मुक्ति पाई है और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हुए हैं. जो मनुष्य को आंतरिक बल प्रदान करता है. जब हृदय में प्रभु का नाम गूंजता है तो मन स्वत: ही बुरी लतों और आदतों से दूर हो जाता है. संतों के सत्संग को रोज सुनना चाहिए.



### सेवा पखवाड़े के शुभारंभ पर किया विद्यालय में पौधारोपण

**बुधनी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में सांदीपनि विद्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत विकसित भारत थीम पर वृक्षारोपण लेखन कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ शशि सिंह, प्राचार्य सुधा सलोमन सहित शिक्षक और विद्यार्थीयो की मौजूदगी में किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन पूरे देश में मनाया जा रहा है. इसी कड़ी में सेवा कार्य पखवाड़ा शुरू हुआ है.



### श्यामपुर में सेवा पखवाड़ा के तहत लगा स्वास्थ्य शिविर

**श्यामपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए .शिविर में रक्तचाप, शुगर, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित कई सुविधाओं का लाभ लोगों ने उठाया. स्वास्थ्य विभाग की ओर से दवाइयां भी वितरित की गई.इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, सरपंच नवीन ताराचंद चौहान चीफ, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. नवीन मेहर, मीडिया प्रभारी राजकुमार मेवाड़ा श्यामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त डॉक्टर उपस्थित थे.

### सेवा पखवाड़े के तहत छात्राओं ने की सीवन की सफाई

**सीहोर.** सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सीवन नदी घाट की साफ-सफाई कर स्वच्छता के महत्व को भी समझा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित किया. यह अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयंती तकजारी रहेगा. जिसमें छात्राएं शहर के अन्य स्थानों पर भी स्वच्छता अभियान चलाएंगी. इस दौरान छात्राओं के साथ शिक्षक अमित दुबे, अखिलेश मेवाड़ा, दिलेश्वर उपस्थित थे जिन्होंने छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया.

## चार साल से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर.** कोतवाली पुलिस ने कार चोरी की घटना को अंजाम देकर 4 साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिन विश्वकर्मा, पिता जनक सिंह विश्वकर्मा निवासी सहोदराबाई राय वार्ड खुरई जिला सागर को अपने घर थाना खुरई क्षेत्र से थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उसकी निशादेही पर चोरी की गई कार बरामद कर ली गई. इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र यादव, प्रधान आरक्षक जितेंद्र वर्मा, रुपेश वर्मा नरेश वर्मा आदि की भूमिका रही.

# विधायक भार्गव ने श्रमदान कर किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

- पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े का आयोजन
- सिविल अस्पताल में मरीजों को किए फल वितरित

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 17 सितंबर.** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्वास्थ्य केंद्र रेहटी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अभियान कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ. जिसमें विधायक रमाकांत भार्गव शामिल हुए.

विधायक भार्गव ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए. इसके बाद भार्गव ग्राम पंचायत इटारसी पहुंचे. जहां सरपंच सुषमा भागीरथ मंडलोई द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता अभियान में सहभागिता की. वहीं ग्राम मोगरा में चल रही रामकिशोर गौर द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में भी शामिल हुए. श्री भार्गव ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को भी संबोधित किया.

विधायक श्री भार्गव ने देवी धाम सलकनपुर पहुंचकर मां विजासन के दर्शन कर देवी धाम सलकनपुर में चल रहे देवी लोक के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया.

इस मौके पर जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, आसाराम यादव, मनोहर लाल महेश्वरी, रामविलास यादव, रामगोपाल ट्रेलर, रामनारायण साहू, अनार सिंह चौहान, नपाध्यक्ष राजेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, प्रेम नारायण मीणा, जगदीश नाविक, रिखीराम यादव, अरविंद दुबे, पुरुषोत्तम यादव, प्रदीप पटेरिया, सुनील गौर, प्रखर नायक, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सावित्री चौहान, पूर्व नपाध्यक्ष सुनीता चौहान, अर्चना राजीव शर्मा, सुनीता यादव, हेमलता वंशकार, तुलसा यादव, जतिन सोनी, महेश हरियाले, विनोद यादव, पिंटू मंगतानी, ओम प्रकाश माहेश्वरी, मेहरबान सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.



# सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जन्मदिवस

- पूर्व अध्यक्ष व भाजपाइयों ने बस स्टैंड पर सफाई की
- सेवा पखवाड़े में आयोजित होंगे विभिन्न आयोजन



नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 17 सितंबर.** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया. बस स्टेण्ड पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, राजस्व एवं नगर परिषद अमले ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया.

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर 18 से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर व प्रदर्शनी, 19 व 20 सितंबर को जन सम्मेलन और 21 से 25 सितंबर तक खेल प्रतियोगिताएं. 25 सितंबर को पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम होंगे. 27 और 28 सितंबर को दिव्यांगों व विशिष्ट जनों का सम्मान किया जाएगा. 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर खादी की सामग्री खरीद कर जन को जागरुक करके स्वदेशी को बढ़ावा दिया जाएगा.

## उल्लास से मना विश्वकर्मा पूजन महोत्सव

**आष्टा.** सृष्टि के रचयिता, देव शिल्पी, भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सुबह से ही श्री विश्वकर्मा राधा कृष्ण मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही. मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा का हवन के साथ पूजन किया. फिर महाआरती की गई. इसके बाद वाहन रैली निकाली गई. जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई निकली. वाहन रैली में समाज के सभी सदस्यों ने का योगदान रहा. इसी प्रकार जावर में भी वाहन रैली निकाली गई. वाहन रैली का हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष, कालू भट्ट एवं विजेंद्र सिंह ठाकुर, सहित कई समितियों ने स्वागत किया.

## जिला कांग्रेस की किसान न्याय पदयात्रा आज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 सितंबर.** आमजन व किसानों की समस्याओं को लेकर विगत कई समय से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार को ज्ञापन के माध्यम से चैताया जा रहा है. परन्तु नतीजा जस के तस है और सरकार किसानों व आमजन की समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं. जिससे आमजन व किसानों में निराशा व आक्रोश है. आमजन व किसानों की बड़ती समस्याओं के निरकरण के लिए अब कांग्रेस कार्यकर्ता मैदान में उतर आए हैं.

गुरुवार को प्रात: 10 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में चांदबढ़ से आमजन किसान न्याय पदयात्रा निकाली जाएगा. जिसमें बड़ी संख्या में किसानों का समर्थन मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है. इस पदयात्रा का समापन श्यामपुर बस स्टेण्ड पर आमसभा पश्चात होगा.

इसके बाद तहसीलदार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा. पदयात्रा में अभा कांग्रेस कमेटी सचिव कुणाल चौधरी, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान आमसभा को संबोधित करेंगे. साथ ही जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण, सह प्रभारी दिनेश मेघानी, पवन पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर एवं कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे.

## हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा

**सीहोर.** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर द्वारा पत्नि की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है. गत 2 अक्टूबर 23 को भगवतीबाई ने पुलिस को बताया कि उसकी बड़ी बहन कृष्णा उर्फ गुड्डी का उसके पति से झगड़ा हुआ है. पति पण्डा उर्फ कल्लू ने गुड्डी को जान से मार दिया है. वह पति के साथ गुड्डी के घर गई, जहां गुड्डी सामने टपरे के अंदर मरी पड़ी थी. पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी पण्डा उर्फ कल्लू को कर गिरफ्तार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषी पाते हुए धारा 302 भादवि में आजवीन कारावास एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया.

**सेवा पखवाड़ा** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा ने किए अनेक कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री का जीवन सेवा व राष्ट्रहित को समर्पित : मेवाड़ा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 सितंबर.** पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए.

भाजपा जिला मंत्री प्रितेश राठौर ने बताया कि नगर के वार्ड 34 के बूथ क्रमांक 54 पर स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई. जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा झाड़ू लगाकर श्रमदान किया. अभियान के तहत महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी समस्याओं एवं गैर संचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन एवं गर्भाशाय कैंसर, एनीमिया सिकलसेल रोग, टीबी, कुष्ठरोग आदि बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी. इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच, किशोरियों की एनीमिया स्क्रीनिंग एवं उपचार, उमंग क्लिनिक पर रेफर करना, बच्चों का टीकाकरण सहित अनेक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी. इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किए.

जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया है. प्रधानमंत्री का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को समर्पित रहा है. उनके नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर नई पहचान बनाई है. हम सब संकल्प लेते हैं कि समाज की सेवा को प्राथमिकता देकर सेवा पखवाड़े को सफल बनाएंगे. हर जरूरतमंद तक सेवा अभियान पहुंचेगा. इस मौके पर कलेक्टर बालागुरू, राजकुमार गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सहित हितग्राही महिलाएं, आम जन सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे.



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण द्वारा विक्रेता श्रीमती विष्णुदेवी पत्नि श्री ओमनारायण आयु वयस्क निवास व कृषक ग्राम दोराहा जिला सीहोर म.प्र. आधार कार्ड क्रमांक 447361357235 के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नंबर 497/2 (हा), रकबा 1.8500 हैक्टेयर पूरा ही रकबा भूमि स्थित ग्राम दोराहा पटवारी हल्का नंबर 63 तहसील दोराहा जिला सीहोर में स्थित है. उक्त कृषि भूमि को दिनांक 05.09.2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय करने का सौदा तय किया गया है। उक्त कृषि भूमि की चतुर्थ सीमाएं पूर्व में ईद गाह उत्तर में रोड पश्चिम में हर्षवर्धनसिंह की भूमि, दक्षिण में दरगाह की भूमि स्थित है, यदि उक्त कृषि भूमि पर बैंक / संस्था / कम्पनी / विभाग / व्यक्तिगत इत्यादि को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति लेकर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत हों। सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।

कृपया सूचित हो।

**भवदीय सतपाल सिंह सोलंकी (अधिवक्ता) मो. 9893749257.**